नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 जंतर-मंतर पर सैकड़ो संख्या में लोग पहुंचे



4 हमेशा से चर्चा में रहा धनुष-बाण



9 थाली से गायब हुई हरी सब्जी



8 भारतीय टीमों के सामने डच चुनौती

# संसद से थाने पहुंची पैलेट

## 5 .30 घंटे राहुल का हाईवोल्टेज धरना, पुलिस पता करेगी किसने चलाई गन

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल करने का मामला अब संसद से पुलिस थाने पहुंच गया है. शुक्रवार को सुबह 11 बजे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कांग्रेस नेताओं के साथ संसद मार्ग स्थित डीसीपी कार्यालय पहुंचे.**

यहां उन्होंने प्रदर्शन में पैलेट के छर्रे लगने से घायल साहिल लोचाब की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने कहा. जब डीसीपी ने केस दर्ज करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया, इसलिए एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती. डीसीपी के इस रुख के बाद राहुल और प्रियंका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए. उनके साथ मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश भी मौजूद थे. राहुल गांधी का कहना था कि पुलिस ने पैलेट गन



नहीं चलाई तो जिसने भी गन चलाई है, पुलिस उसका पता लगाए, क्योंकि प्रदर्शन में शामिल साहिल को छर्रे लगे हैं और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार छर्रों से उसकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हुई है. देर शाम पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद कांग्रेस ने धरना खत्म किया. मालूम हो कि दिल्ली हाईकोर्ट ने भी पैलेट गन से संबंधित शिकायत पर पुलिस को रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है.

## जयपुर में आशुतोष रांका समेत सीजेपी कार्यकर्ताओं को पीटा



**जयपुर, 21 अगस्त.** राजस्थान में 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत जयपुर के पास रामपुरा-कंवरपुरा गांव पहुंची कॉकरोच जनता पार्टी की टीम पर शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की भीड़ ने हमला कर दिया. टीम में पार्टी के सह-संयोजक आशुतोष रांका भी शामिल थे. आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद ग्रामीणों ने रांका और अन्य कार्यकर्ताओं को दौड़ाकर पीटा तथा उनके वाहनों पर पथराव कर शीशे तोड़ दिए. सीजेपी के अनुसार, पार्टी की टीम गांव के सरकारी स्कूल की स्थिति देखने पहुंची थी. स्कूल लंबे समय से जर्जर हालत में है. टीम के गांव पहुंचने पर कुछ ग्रामीणों ने उनका विरोध किया. शुरुआत में बहस और धक्का-मुक्की हुई, लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ गई. भीड़ ने कार्यकर्ताओं को लात-घूंसों, बेल्ट और रस्सी से पीटा. ग्रामीणों ने सीजेपी के अभियान का विरोध करते हुए कहा कि वे गांव के स्कूल के मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं चाहते. स्कूल के लिए 12 लाख रुपये का फंड स्वीकृत हो चुका है. घटना के बाद आशुतोष रांका ने राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर गंभीर आरोप लगाए और दावा किया कि हमला उनके निर्देश पर कराया गया. रांका ने पुलिस को 48 घंटे का समय देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और स्कूलों में प्रवेश संबंधी आदेश वापस लेने की मांग की. ऐसा नहीं होने पर उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है.

## दिपके ने मांगा महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा



**मुंबई.** महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे के इस्तीफे की मांग की है. दिपके ने आरोप लगाया कि कई सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षाओं, पर्याप्त बेंच, शौचालय तक नहीं हैं. और सुरक्षित आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं. दिपके ने गुरुवार को लातूर जिले की औसा तहसील के उजनी गांव स्थित जिला परिषद स्कूल का दौरा किया. उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की स्थिति के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित मंत्रियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए.

## अविनाश रेड्डी के ठिकानों पर ईडी रेड

**हैदराबाद, 21 अगस्त.** पूर्व आंध्र प्रदेश मंत्री वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने हैदराबाद और कडप्पा में सात ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया. कार्रवाई में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कडप्पा सांसद वाईएस अविनाश रेड्डी, उनके पिता वाईएस भास्कर रेड्डी के परिसरों को शामिल किया गया. तलाशी के दौरान दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए. रेड्डी से जुड़े परिसर से 24 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी और दो लॉकर की चाबियां भी बरामद कर जब्त की गईं.




क्रिकेट में स्पिन के अपने नए जादूगर की सराहना करते हुए!

# चंपत के आरोपों से मिश्र चकित

- पत्र को लेकर किया किनारा बोले- मैंने नहीं देखा
- राय ने भूमिका पर उठाए हैं बेहद गंभीर सवाल

**अयोध्या, 21 अगस्त. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के नाम से कथित तौर पर सामने आए नौ पन्नों के पत्र को लेकर राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने प्रतिक्रिया दी है.**

मिश्र ने कहा कि उन्होंने ऐसा





कोई पत्र नहीं देखा है और दस्तावेज सामने आने तक उसके कथित दावों पर टिप्पणी नहीं की जा सकती. पत्र में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष की भूमिका को लेकर कई बातें कही गई हैं. इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए मिश्रा ने पत्र की प्रामाणिकता पर ही सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि संभव है कि ऐसा कोई पत्र हो ही नहीं और विवाद पैदा करने के उद्देश्य से ऐसी बात सामने रखी जा रही हो. मिश्र ने यह भी कहा कि यदि वास्तव में नौ पन्नों का पत्र है, तो उन्हें विश्वास नहीं है कि उसमें उनके खिलाफ ऐसी आलोचना की गई होगी. उन्होंने मीडिया से कथित दस्तावेज दिखाने की बात कही और कहा कि बिना पत्र देखे उसके बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा. चंपत राय लंबे समय तक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव रहे हैं.

## एक नजर में

### कार से 2 करोड़ की ज्वेलरी चोरी

**नई दिल्ली.** दिल्ली के करोल बाग इलाके में कार का शीशा तोड़कर सोने और हीरे के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है. शिकायत के मुताबिक, चोरी हुए जेवरात की कीमत दो करोड़ से अधिक है. एसकेजी कुंदन क्राफ्ट से जुड़े आभूषण कारोबारी कन्हैया लाल 18 अगस्त को अपने बेटे ध्रुव सोनी के साथ दिल्ली आए थे.

### मॉल की शटरिंग गिरी, 3 मरे

**मथुरा.** वृंदावन में सुबह निर्माणाधीन ओमैक्स मॉल में शटरिंग गिरने से 3 मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है. घटना सुबह करीब सात बजे हुई. उस समय मजदूर निर्माण स्थल पर शटरिंग का काम कर रहे थे. एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य की मौत अस्पताल में हुई.

### अलास्का में चार्टर्ड क्रैश, 8 मरे

**अलास्का.** अमेरिका के अलास्का में एक चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई. अमेरिकी सेना ने हादसे की पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक, विमान पश्चिमी अलास्का में स्थित केप न्यूएनहैम लॉन्ग रेंज रडार साइट एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ.

# सांसद के बेटे ने महिला को रौंदा

**हैदराबाद, 21 अगस्त. हैदराबाद के माधापुर इलाके में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, हादसा 16 अगस्त को इनऑर्बिट मॉल के पास हुआ. मामले में राज्यसभा सांसद लिंगामनेनी रमेश के बेटे लिंगामनेनी संजुश के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है.**

हादसे के समय संजुश एस्टन मार्टिन कार चला रहे थे. आरोप है कि वाहन तेज गति और लापरवाही से चलाया जा रहा था. दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला की पहचान भारती के रूप



हैदराबाद में हिट एंड रन, केस दर्ज

में हुई है. वह एक लाइफस्टाइल स्टोर में सेल्सवुमन के तौर पर काम करती थीं. दोपहर करीब तीन बजे भारती अपनी सहकर्मी पूजा अशोक अलोने के साथ लंच के लिए आईटीसी कोहेनुर इलाके में गई थीं. वापस लौटते समय वह सड़क पार कर रही थीं. इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और बाद में उनकी मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है. अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के कारणों और वाहन की गति समेत अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है. पुलिस घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की भी जांच कर रही है.

# भोजशाला से लगकर नमाज पर विरोध

## प्रशासन रहा अलर्ट , शंख बजाकर अंदर किया चालीसा पाठ

**संजय वाजपेयी**

**धार, 21 अगस्त. धार जिले की भोजशाला के अंदर शुक्रवार को पूजा -पाठ किया गया. वहीं भोजशाला के पीछे मुस्लिम पक्ष ने नमाज अदा की. हिंदू पक्ष द्वारा मुसलमानों की भोजशाला के पास नमाज अदा किए जाने का विरोध किया गया. हिंदू संगठनों ने शंख ध्वनि के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया.**

शुक्रवार का दिन होने के कारण सुबह से ही प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा और दोनों पक्षों के कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न करवाए.



भोजशाला जो कि माता वाग्देवी का मंदिर है, को लेकर लंबे समय से मामला सुर्खियों में चल रहा है. इस शुक्रवार को भी भोजशाला में पूजन-अर्चन किया गया. इसी परिसर के पीछे खसरा नंबर 612 में मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज अदा की. हिंदू संगठनों के आह्वान पर भोजशाला में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया.

### पूरे परिसर को किया लोहे की चद्दर से कवर

प्रशासन ने नमाज के लिए व्यापक इंतजाम किए. साथ ही गतिरोध को टालने के लिए पूरे नमाज स्थल को लोहे की चद्दर से ढंक दिया गया. कलेक्टर राजीव रंजन मीणा और एसपी सचिन शर्मा ने सुबह ही भोजशाला परिसर, नमाज स्थल और सभी पहुंच मार्गों का निरीक्षण किया. कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 1 हजार पुलिसकर्मियों और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था.

# पंजाब कांग्रेस में बदलाव नहीं

## एकजुटता के लिए राहुल निकालेंगे बस यात्रा


**चंडीगढ़, 21 अगस्त. पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने संगठन और चुनावी रणनीति पर काम तेज कर दिया है. पार्टी फिलहाल प्रदेश नेतृत्व में बदलाव के पक्ष में नहीं है.**

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग अपने पद पर बने रहेंगे. हालांकि, संगठन के भीतर उन्हें हटाने की मांग जारी रहने की बात सामने आई है. कांग्रेस अब पंजाब में पार्टी की गुटबाजी को कम करने और नेताओं के बीच एकजुटता दिखाने पर जोर दे रही है. इसी रणनीति के तहत राहुल गांधी सितंबर के पहले सप्ताह में पंजाब का दौरा कर सकते हैं. इस दौरान राहुल गांधी के साथ प्रदेश अध्यक्ष राजा वडिंग, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, प्रताप सिंह बाजवा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एक ही बस में सफर कर सकते हैं. कांग्रेस का उद्देश्य इस यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं और आम लोगों के बीच एकजुटता का संदेश देना है. पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल पहले ही प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की अटकलों को खारिज कर चुके हैं.

# कर्नाटक के 43 .80 लाख वोटर संदिग्ध

**बेंगलुरु, 21 अगस्त. कर्नाटक में मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया के तहत 43.80 लाख मतदाता जांच के दायरे में आ गए हैं.**

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अंबु कुमार ने कर्नाटक एसआईआर के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस खुलासा किया कि चुनाव आयोग उन लोगों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है जिनके रिकॉर्ड का मिलान नहीं हो सका या जिनमें गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कमियां पाई गईं. राज्य में लगभग 5.54 करोड़ मतदाता है. इनमें से 1.07 करोड़ मतदाताओं को



एसआईआर में बड़ा खुलासा

एएसडीडीओ श्रेणी में रखा गया है और उन्हें मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा, जबकि 4.46 करोड़ लोगों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल होने की उम्मीद है.

### पिता-पुत्र में 15 साल का अंतर

वर्तमान तथा पिछली एसआईआर सूचियों के बीच संबंध, आयु और नाम संबंधी अंतर से जुड़ी हैं. संतान तथा माता-पिता की उम्र में 15 वर्ष से कम अथवा 50 वर्ष से अधिक अंतर, दादा-दादी या नाना-नानी से 40 वर्ष से कम अंतर, भाई-बहन के बीच नौ महीने से कम आयु-अंतर तथा छह या अधिक संतानें दर्ज होना संभावित त्रुटियां मानी जाती हैं.

# 22 भारतीय नाविक अपहृत

## सोमालिया में समुद्री लुटेरों ने जहाज किया हाईजैक

**नई दिल्ली. यमन और सोमालिया के समुद्री क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो वाणिज्यिक जहाजों को समुद्री लुटेरों ने कथित तौर पर अपने कब्जे में ले लिया. दोनों जहाजों पर कुल 22 भारतीय नागरिक सवार थे.**

घटनाओं से क्षेत्र में समुद्री डकैती के खतरे को लेकर चिंता बढ़ गई है. पहली घटना गल्फ ऑफ एडन में यमन के तट से करीब 30 नॉटिकल मील दूर हुई. अधिकारियों के अनुसार, इरिट्रिया के झंडे वाला तेल उत्पाद टैंकर एम.टी. सिबू 1 छह हथियारबंद समुद्री लुटेरों के कब्जे में चला गया. जहाज पर 20 सदस्यीय चालक दल था, जिसमें 16 भारतीय, एक सीरियाई, एक सूडानी और एक इराकी नागरिक शामिल हैं. एक सदस्य की राष्ट्रियता की पुष्टि नहीं हुई है. उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार चालक दल सुरक्षित बताया गया है, हालांकि जहाज और सभी सदस्यों की ताजा स्थिति की जानकारी प्रतीक्षित है. दूसरी घटना सोमालिया के पुंटलैंड तट के पास हुई.

**फटकार** देशी व संकटग्रस्त प्रजातियों की पहचान और 15 साल निगरानी के निर्देश

# भोपाल में पेड़ों की कटाई पर सख्त एनजीटी

**भोपाल, 21 अगस्त. राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी ) ने भोपाल में हरित क्षेत्रों के संरक्षण, पेड़ों की कटाई पर नियंत्रण और अतिक्रमण हटाने को लेकर संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं. अधिकरण ने क्षतिपूरक पौधरोपण की 15 वर्ष तक निगरानी, देशी एवं संकटग्रस्त वृक्ष प्रजातियों की पहचान तथा शहर की वृक्ष गणना और हाई-रिजोल्यूशन जीआईएस मैपिंग कराने को कहा है.**

न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह




और न्यायिक सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने डॉ. सुभाष सी. पांडे बनाम भोपाल नगर निगम मामले की सुनवाई के दौरान ये निर्देश जारी किए. याचिका में भोपाल की सड़कों, पार्कों और अन्य हरित क्षेत्रों में अतिक्रमण, हरित आवरण में कमी तथा देशी वृक्षों के संरक्षण और व्यवस्थित पौधरोपण का मुद्दा उठाया गया था. अधिकरण ने क्षतिपूरक पौधरोपण, अनिवार्य वनीकरण, वृक्ष प्रत्यारोपण और लगाए गए पौधों के रखरखाव की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. क्षतिपूरक पौधरोपण की 15 वर्ष तक निगरानी वन विभाग, नगर निगम, उद्यानिकी विभाग के प्रतिनिधियों वाली समिति करेगी. एनजीटी ने भोपाल नगर निगम क्षेत्र में वृक्षों, उनकी प्रजातियों, हरित पट्टियों, खुले भू-भाग और अतिक्रमणों की पहचान के लिए जीआईएस मैपिंग और वृक्ष गणना कराने को कहा है.

सड़कों के केंद्रीय एवं पार्श्व वर्ज और हरित क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर फेंसिंग, वनीकरण और जियो-टैगिंग कराने को कहा गया है. हरित पट्टी वाले क्षेत्रों में कंक्रीटीकरण की अनुमति नहीं देने तथा अतिक्रमण से मुक्त क्षेत्रों का पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पौधरोपण के माध्यम से करने के निर्देश भी दिए गए हैं. वन विभाग को ऐसे क्षेत्रों को 12 माह के भीतर हरित आवरण में बदलने की कार्रवाई करने को कहा गया है.

## 7 करोड़ का आसामी निकला रेलवे अफसर

**नई दिल्ली, 21 अगस्त.** उत्तर रेलवे के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी साकेत चंद्र श्रीवास्तव और उनकी पत्नी सौम्या श्रीवास्तव के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है. सीबीआई ने 19 अगस्त 2026 को यह मामला दर्ज किया. जांच अप्रैल 2021 से अप्रैल 2025 के बीच दंपती की आय, खर्च और संपत्ति में हुए बदलाव पर केंद्रित है. प्राथमिकी के अनुसार, इस अवधि में दोनों की संपत्ति करीब 1.49 करोड़ रुपये से बढ़कर 7.56 करोड़ रुपये हो गई. जांच एजेंसी ने दंपती की कुल आय लगभग 1.80 करोड़ रुपये और खर्च करीब 60.22 लाख रुपये आंका है.

# देश के 11 हजार गांवों में 4जी नहीं

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. भारत के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी के बीच एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक अपनी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा का विस्तार करने की तैयारी में है.**

मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि स्टारलिंक भारत में सबसे कम सुविधा पाने वाले लोगों, विशेष रूप से ग्रामीण आबादी, की मदद कर सकता है.

कंपनी ने इससे एक दिन पहले भारत में लाइसेंस के लिए दोबारा आवेदन किया था. उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मई 2026 तक देश के 11 हजार से अधिक



मस्क ने बताया भारत में स्टारलिंक का प्लान

सूचीबद्ध गांवों में 4 प्रतिशत नेटवर्क की पहुंच नहीं थी. मार्च 2026 तक भारत में 109.3 करोड़ इंटरनेट सब्सक्रिप्शन दर्ज किए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों की हिस्सेदारी 44.08 करोड़ थी.

### 50 फीसद ग्रामीणों के पास भी नहीं है इंटरनेट

ग्रामीण इंटरनेट डेंसिटी प्रति 100 लोगों पर 48 .31 कनेक्शन रही, जबकि शहरी इलाकों में यह आंकड़ा 126 .80 था. सरकार की भारतनेट योजना के तहत 8 .5 लाख रूट-किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया जा चुका है और करीब 2 .21 लाख ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है. इसके बावजूद जून 2026 तक 80,472 पंचायतों में ही पॉइंट्स ऑफ प्रेजेंस चालू हुए थे. स्टारलिंक का उद्देश्य ऐसे इलाकों में सैटेलाइट तकनीक के जरिए इंटरनेट पहुंचाना है, जहां पारंपरिक नेटवर्क ढांचा स्थापित करना कठिन है.